पुस्तकालय

231
23-7-02

सत्यमेव जयते

असंशोधित

15 JUL 2002

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

---

(भाग १–कार्यवाही–प्रश्नोत्तर)

(एल० ए०) 170—बीनो— 500— 20-2-2001—,

तारांकित प्रश्न संख्या - 1199 पर पूरक प्रश्न :

श्री अब्दुल बारी सिद्दीकी (मंत्री):- महोदय, 20 होटलों की सूची हमारे पास है। इस सूची को मैं पढ़ देता हूँ।

अध्यक्ष :- आप माननीय सदस्य को दे दीजिये।

श्री अब्दुल बारी सिद्दीकी (मंत्री):- जी अच्छा। अगर माननीय सदस्य समझते है कि फलां-फलां होटल हैण्ड के तहत टैक्स की चोरी हुई है, माननीय सदस्य बतायेंगे तो त्वरित गति से विभाग कार्रवाई करेगा।

श्री शंकर प्र० टेकरीवाल - मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूँ कि माननीय मंत्री ने कहा कि करारोपण अधिनियम 1988 का है और इन्होंने इन होटलों को दो-तीन साल पहले, 2001 में चिन्हित किया गया है जो इतने दिनों तक कर की चोरी की जाती रही तो उसके लिए कौन जिम्मेवार पदाधिकारी है, उसका पता लगाकर माननीय मंत्री दंडित करेंगे या नहीं ?

श्री अब्दुल बारी सिद्दीकी (मंत्री):- महोदय, मैंने स्पष्ट ढंग से कहा कि 3 होटल पूर्व से निबंधित हैं, 5 होटल ने मालिक निबंधन के लिए आवेदन पत्र दिये हैं और 20 होटल अनिबंधित हैं, उनके विरुद्ध संगत धाराओं के तहत उनपर जुर्माना और उनसे कर वसूली की कार्रवाई की जा रही है। अगर इसमें किसी पदाधिकारी की संलिप्तता या --- निष्क्रियता पाई जायेगी तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी ।

----